an>

Title: Need to construct by-pass from Sukhi Sewania Railway Station near Bhopal to Abdullah Ganj Industrial Area.

श्री आलोक संजर (भोपाल) : अध्यक्ष महोदया, आज मुझे पहली बार जीरो आवर में भोपाल के हितार्थ विषय रखने का अवसर मिला है। सर्वप्रथम मैं आपके से भोपाल संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं, जैसा मैं हमेशा कहता हूं - मतदाता मेरा भगवान है, को हृदय की गहराइयों से से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरपूर विश्वास व्यक्त किया और मुझे लोकतंत्र के इस सर्वोच्च मंदिर में आज बोलने का अवसर प्रदान किया।

अध्यक्ष महोदया, भोपाल, जो राजा भोज की नगरी और झीलों के शहर के नाम से जाना जाता है, में पुराने भोपाल स्थित जुम्मेराती हनुमानगंज का दाल-चावल किराना मार्केट भोपाल की 20 लाख से ज्यादा आबादी को और साथ आस-पास के क्षेत्रों, शहर और कस्बों को राशन उपलब्ध कराता है। पिछले कई वर्षों से शहर का घनत्व बढ़ रहा है। आज भोपाल की आबादी लगभग 20 लाख से अधिक हो चुकी है। साथ ही आने वाले दस वर्ष आबादी बढ़कर लगभग 40 लाख हो जाएगी। आबादी और क्षेत्र का घनत्व बढ़ने के कारण वहां पर ट्रकों के माध्यम से जो माल की ढुलाई होती है, उससे आवागमन बाधित होता है और दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। भोपाल के निकटवर्ती क्षेत्र मुबारकपुर से मिश्रौत वाले नए बाईपास मार्ग पर आधुनिक सुविधाओं-युक्त थोक बाजार प्रस्तावित है, जिसके लिए हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय शिवराज जी से मैंने चर्चा की है। भविष्य में यदि सूखी सेवनिया से मंडीदीप, अब्दुल्लागंज के लिए रेलवे गुड्स ट्रैफिक का बाईपास प्रस्तावित होता है, तो उसका लाभ थोक व्यापार केन्द्र को मिलेगा ही, साथ ही भोपाल से जा रही गुड्स ट्रेन, यदि सीधे सूखी सेवनिया से अब्दुल्लागंज जाती है, तो रास्ते की दूरी लगभग 15-20 किलोमीटर कम हो जाएगी। भोपाल में स्टॉपेज न देने से लगभग एक से दो घण्टे का रनिंग टाइम भी बचेगा। करोड़ों रुपये का माल ढोकर ले जानी वाली ट्रेन्स का समय अगर बचता है, तो उससे रेलवे की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। अतः अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि मेरे इस सुझाव को स्वीकार करेंगे और इसका सर्वे कराकर भोपाल की जनता के हितार्थ मेरे इस सुझाव को मान्यता देंगे।